Chandigarh Tribune 25-11-25

SGGS, DAV clubs win volleyball titles

CHANDIGARH, NOVEMBER 24

Sri Guru Gobind Singh (SGGC) Club and DAV College, Sector 10, Club spikers won the Chandigarh State Senior Championship for men and women category, respectively, at the Sector 7 Sports Complex.

In the women's final, the Sector 10 team ousted Sector 42 Spyker Club with a 23-25 25-22 25-22 25-20 verdict. Earlier, in the semifinals, DAV defeated the Sector 7 Sports Complex team 25-16 25-10 25-12 and Spyker Club posted a 25-15 25-18 25-22 win over the Sector 7 Sports Complex (A team). The Sector 7 (A team) defeated their B team 25-15 25-22 25-23 to claim the third position. In the men's final, the SGGS team recorded a 25-23 25-22 25-23 win over the Sports Complex-7 (A team). In semis, the SGGS lads defeated Sector 7 (B team) 25-22 25-23 25-23 and the Sector 7 (A team) defeated GGSSD, Sector 32, 25-18 25-23 25-22. The Sector 32 team won the third place by defeating B team 25-20 25-21 25-22. — TNS

Amar Ujala 24-11-25

डीएवी-10, एसजीजीएस-26 बने चैंपियन

स्टेट जूनियर और सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में डीएवी की महिला, एसजीजीएस की पुरुष टीम ने किया कमाल

वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले के दौरान एसडी कॉलेज-32 और खेल परिसर-7बी की टीमें एक्शन में। अजय वर्मा

चंडीगढ़। स्टेट जूनियर और सीनियर (पुरुष-महिला) वॉलीबॉल चैंपियनशिप में महिला वर्ग के फाइनल मैच में डीएवी-10 ने स्पाइकर क्लब-42 को 3-1 के अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

स्पोर्ट्स कांप्लेक्स-7 में खेले गए मुकाबले में डीएवी-10 महिला खिलाड़ियों की टीम ने स्पाइकर क्लब-42 को 23-25, 25-22, 25-22 व 25-20 के अंतर से हराया।

तीसरे स्थान के मुकाबले में खेल परिसर-7 ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स-7 बी टीम को 25-15, 25-22 तथा 25-23 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुषों के फाइनल मैच में एसजीजीएस-26 की टीम ने खेल परिसर-7ए को 25-23, 25-22 व 25-23 से हराकर खिताब जीता। एसडी कॉलेज-32 की टीम खेल परिसर-7बी को 3-0 पराजित कर तीसरा स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान यूटी के खेल निदेशक पीसीएस सौरभ कुमार अरोड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

साथ ही आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के को-इंचार्ज डॉ. सनी सिंह अहलूवालिया गेस्ट ऑफ ऑनर थे। चंडीगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर विजय पाल सिंह और ऑनरेरी सेक्रेटरी अनिल यादव भी इस अवसर पर मौजूद रहे। संवाद

Punjab Kesari 23-11-25



वॉलीबाल चैंपियनशिप के दौरान प्वाइंट अर्जित करने के लिए भिड़ते हुए खिलाड़ी। (राणा)

स्टेट वॉलीबाल चैंपियनशिप

खेल परिसर-7 की टीम ने जीता खिताब

चंडीगढ़, 22 नवम्बर (लल्लन) : लड़कों के जूनियर आयु वर्ग के फाइनल मैच में खेल परिसर-7 ने एस.डी. कालेज-32 को 2-0 के अंतर से हराकर स्टेट जूनियर, सीनियर लड़कों व लड़कियों व वूमैंस वॉलीबाल चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा किया तथा डी.ए.वी. स्कूल मॉडल क्लब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर लड़कियों वर्ग में स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स-7 ने पहला, स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स-42 ने दूसरा और हाउस ऑफ एम. क्लब ने तीसरा स्थान हासिल किया।

Punjab Kesari 24-11-25

स्टेट जूनियर और सीनियर वॉलीबाल चैंपियनशिप

डी.ए.वी.-10 ने जीती प्रतियोगिता

मैच के दौरान प्वाइंट अर्जित करने के लिए आपस में भिड़ते हुए खिलाड़ी। (परमजीत)

चंडीगढ़, 23 नवंबर (लल्लन): महिला वर्ग के फाइनल मैच में डी.ए.वी.-10 ने स्पाइकर क्लब-42 को 3-1 के अंतर से हराकर स्टेट जूनियर और सीनियर (पुरुष-महिला) वॉलीबाल चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा किया।

स्पोर्ट्स काम्पलैक्स-7 में खेले गए मुकाबले में डी.ए.वी.-10 ने स्पाइकर क्लब-42 को 23-25,25-22,25-22 व 25-20 के अंतर से हराया। तीसरे स्थान के मुकाबले में खेल परिसर-7 ने स्पोर्ट्स काम्पलैक्स-7 बी टीम को 25-15,25-22 तथा 25-23 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरूषों के फाइनल मैच में एस.जी.जी.एस. ने खेल परिसर-7 ए को 25-23,25-22 व 25-23 से हराकर खिताब जीतने में सफल रहे। तीसरे स्थान के मैच में एस.डी.क्लब-32 ने खेल परिसर-7 बी को 3-0 पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान यू.टी. के खेल निदेशक पी.सी.एस. सौरभ कुमार अरोड़ा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे, उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। चंडीगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर विजय पाल सिंह और ऑनरेरी सैक्रेटरी अनिल यादव ने चीफ गेस्ट का स्वागत किया।